समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# एयर स्ट्राइक से थर-थर कांप रहा पाकिस्तान, बंद हो जाएगा PSL, जानिए PCB ने क्या कहा।

Publisher

Published on 08 May 2025



**सबसे बड़ी बात रही कि भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर मे मंसूद अजहर के परिवार के 14 लोगों का खात्मा हो गया. भारत का मोस्टवांटेड रऊफ असगर भी एयर स्ट्राइक मे मारा गया.**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान में एयरस्ट्राइक कर दिया. एक के बाद एक 9 एयर स्ट्राइक से पाकिस्तान इस तरह डरा हुआ है कि अब खबर आ रही है पाकिस्तान सुपर लीग बंद होने का वाला है. हालांकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने बुधवार को कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) अपने तय शेड्यूल के अनुसार ही चलेगी.

खबरों की मानें तो कई विदेशी खिलाड़ियों ने भारत पाकिस्तान तनाव के बीच स्वदेश लौटने की मांग की है. पीसीबी इन खबरों से इनकार कर रहा है और कह रहा है कि किसी भी विदेशी खिलाड़ी ने PSL छोड़ने की कोई मांग नहीं की है. लीग की हर टीम में 5-6 विदेशी खिलाड़ी हैं. लीग के मीडिया मैनेजरों ने कहा कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है, लेकिन फिलहाल किसी खिलाड़ी ने जाने की बात नहीं की है.

ऑपरेशन सिंदूर
भारत के पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी. इस हमले के बाद देश भर में गुस्सा था और सभी मोदी सरकार और सेना से उम्मीद कर रहे थे कि वो आतंकवाद के खिलाफ बड़ा एक्शन लेंगे. ऐसा ही हुआ जब बुधवार को एक के बाद एक 9 हवाई हमले भारत ने पाकिस्तान में किए. ये सभी हमले आतंकी ठिकानों पर किए गए. भारतीय सेना ने साफ कहा कि किसी भी आम नागरिक या पाकिस्तानी सेना को निशाना नहीं बनाया गया.

सबसे बड़ी बात रही कि भारतीय सेना केऑपरेशन सिंदूर में मसूद अजहर के परिवार के 14 लोगों का खात्मा हो गया. भारत का मोस्टवांटेड रऊफ असगर भी एयर स्ट्राइक में मारा गया.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.